(प्रतिलिपि आदेश दिनांक 05.08.2026)

न्यायालयः– पन्द्रहवें जिला न्यायाधीश, ग्वालियर (म0प्र0)

**(समक्ष : कपिल सोनी)**

| | | |
|---|---|---|
| Registration No. | : | MJC 482/2026 |
| Filing No. | : | 3540/2026 |
| CNR No. | : | MP0701-013742-2026 |
| Filing Date. | : | 15-06-2026 |

1. निर्मला जैन पत्नी स्व. हुकुमचन्द जैन, आयु– 72 वर्ष, निवासी– दाना ओली, लश्कर, ग्वालियर (म0प्र0)
2. संजीव जैन पुत्र स्व. हुकुमचन्द जैन, आयु– 56 वर्ष, निवासी– दाना ओली, लश्कर, ग्वालियर (म0प्र0)
3. सुनीता जैन पत्नी सुधीर जैन, आयु– 55 वर्ष, निवासी– जी–1, रतलाम कोठी, गीता भवन के पास, इन्दौर (म0प्र0)
4. सुनील जैन पुत्र स्व. हुकुमचन्द जैन, आयु– 52 वर्ष, निवासी– दाना ओली, लश्कर, ग्वालियर (म0प्र0)
5. सचिन जैन पुत्र स्व. हुकुमचन्द जैन, आयु– 45 वर्ष, निवासी– दाना ओली, लश्कर, ग्वालियर (म0प्र0)

.................. **आवेदकगण**

:: **वि रू द्ध** ::

1. सर्वसाधारण
2. भारतीय स्टेट बैंक शाखा जीवाजी चौक बाड़ा लश्कर ग्वालियर (म0प्र0)

............... **अनावेदकगण**

---

05.08.2026 आवेदकगण द्वारा श्री सौरभ कुमार जैन अधिवक्ता उपस्थित।

अनावेदकगण अनुपस्थित/तलब नहीं।

प्रकरण कमिश्नर प्रतिवेदन हेतु नियत है।

इसी प्रक्रम पर आवेदकगण की ओर से श्री सौरभ

कुमार जैन अधिवक्ता ने मौखिक निवेदन किया कि हस्तगत प्रकरण आवेदकगण ने भारतीय स्टेट बैंक शाखा जीवाजी चौक लश्कर ग्वालियर स्थित लॉकर क्रमांक 1258ए के संबंध में प्रशासन पत्र जारी किये जाने हेतु पेश किया था, परंतु उक्त लॉकर को कमिश्नर के माध्यम से खुलवाये जाने पर उसमें कोई सम्पत्ति नहीं पाई गई है, इसलिये आवेदकगण प्रस्तुत याचिका को विथड्रॉ करना चाहते हैं, उन्होंने तदाशय की टीप मूल याचिका की मार्जिन पर अभिलिखित कर हस्ताक्षर किये।

अतः प्रशासन पत्र जारी किये जाने बावत् प्रस्तुत यह प्रकरण "withdrawal" में खारिज/समाप्त किया जाता है।

आदेश की प्रति सीआईएस पर अपलोड की जावे।

प्रकरण का परिणाम सी.आई.एस. सॉफ्टवेयर में दर्ज कर विहित अवधि में दाखिल अभिलेखागार हो।

सही/-
कपिल सोनी
पन्द्रहवे जिला न्यायाधीश,
ग्वालियर (म0प्र0)